प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 08.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **संसद का शीतकालीन सत्र अगले महीने की एक तारीख से होगा शुरू, 19 दिसंबर तक चलने वाले सत्र में सदन की होंगी 15 बैठकें, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने दी जानकारी।**
2. **घाटशिला विधानसभा उप चुनाव के लिए कल थम जाएगा प्रचार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और कल्पना सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी के लिए मांगा वोट, एनडीए ने भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में मतदाताओं से की वोट की अपील।**
3. **ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के सभी अड़तालीस कामगारों की हुई सुरक्षित वापसी, राज्य सरकार ने कामगारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में शुरू की पहल।**
4. **खूंटी जिला पुलिस को दो आपराधिक वारदातों में मिली बड़ी सफलता, हथियारों के साथ छह अपराधी गिरफ्तार।**

और

5. **मलेशिया में आयोजित विश्वकप बॉलिंग प्रतियोगिता में झारखंड के दिनेश कुमार ने जीता रजत पदक।**

****

संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान सदन की पन्द्रह बैठकें होंगी, जिसमें कई विधायी कार्य निपटाने के साथ अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद सत्र बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि सरकार एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा कर रही है जो लोकतंत्र को मजबूत करे और देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करे।

****

घाटशिला विधानसभा उप चुनाव के लिए कल दोपहर बाद तीन बजे प्रचार अभियान थम जाएगा। ऐसे में एनडीए और महागठबंधन ने अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में आज जमकर प्रचार किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में मऊभंडार में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है।

स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमन्त सरकार ने कई योजनाएं शुरू की है जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है। उधर, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के लिए प्रचार किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पूरे राज्य को सचेत करेगा। इस बार यहां जनादेश एनडीए के पक्ष में आएगा।

****

इधर, 11 नवंबर को घाटशिला विधानसभा उप चुनाव के लिए होने वाले मतदान को लेकर कल शाम पांच बजे से तीन दिनों तक ड्राई डे घोषित किया गया है। जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि इस दौरान किसी भी होटल, भोजनालय, दुकान,

सार्वजनिक या निजी स्थल पर शराब या अन्य मादक पदार्थों की बिक्री और वितरण प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

****

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने आज जामताड़ा जिले के कुंडहित प्रखंड स्थित डिग्री महाविद्यालय में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में नए कॉलेजों के स्थापित होने से विद्यार्थियों को बेहतर उच्च शिक्षा प्राप्त होगी।

****

ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के सभी अड़तालीस कामगारों की आज सुरक्षित घर वापसी हो गई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग ने भारतीय दूतावास और संबंधित एजेंसियों के सहयोग से इन सभी श्रमिकों की सुरक्षित घर वापसी की प्रक्रिया पूरी की। अब इन कामगारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए राज्य सरकार पहल कर रही है। हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह जिले के इन कामगारों ने बताया कि वे वहां एक कंपनी में कार्यरत थे, लेकिन वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे थे।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। इसी कड़ी में आज हमारे संवाददाता बता रहे हैं कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से मणिपुर की अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा मिल रहा है।

****

बोकारो इस्पात प्रबंधन ने जिला प्रशासन के सहयोग से हवाई अड्डा परिसर के आसपास के इलाकों में आज अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अवैध रुप से चल रहे कई बूचड़खानों को ध्वस्त कर दिया।

****

पलामू में आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण योजनाओं के लाभार्थियों का ई–केवाईसी और चेहरा प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।

****

खूंटी पुलिस ने दो आपराधिक वारदातों का खुलासा किया है. इस मामले में छापेमारी कर छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक वरुण रजक ने बताया कि मारंगहदा में दो व्यापारियों के साथ हुए लूट मामले में हथियारों और लूट की राशि के साथ चार अपराधी पकड़े गए हैं।

****

मलेशिया के क्वालालाम्पुर में आयोजित विश्व कप बाउलिंग प्रतियोगिता में झारखंड के दिनेश कुमार ने देश के लिए रजत पदक जीता। वे फाइनल में इंग्लैंड के खिलाड़ी से कड़े संघर्ष में पराजित हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने इस उपलब्धि के लिए दिनेश कुमार को बधाई दी है।

*******समाप्त*********